दिनांक 01.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री सुदंरानी ने एस.एल.आर एम.सेंटर का भ्रमण स्कूल के छात्र–छात्राओं एवं 'शिक्षकों को कराए जाने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी को 'दिए'

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार गत दिनों निगम के शिक्षा अधिकारी एवं स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी, कर्मचारियों की संयुक्त टीम के द्वारा स्कूल के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एसएलआरएम सेंटर मणिकंचन केन्द्र का भ्रमण कराया गया था। खाद सेंटर के अवलोकन के दौरान उन्हे बताया गया कि घरों एवं दुकानों से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरों का किस तरह पृथक–पृथक कर निष्पादन किया जाता है। घर से निकलने वाले गीले एवं सुखे कचरो को निगम द्वारा दिए गए हरे और नीले रंग के डस्टबिन में अलग–अलग करके रखने हेतु प्रेरित किया गया तथा अपने आसपास के लोगों को भी गीला एवं सुखा कचरा अलग–अलग रखने हेतु प्रेरित करें। ताकि सुखे एवं कचरे को रिसाईकिल किया जा सके और गीले कचरे से आसानी से खाद बनाया जा सके। साथ ही उन्हे भिलाई को कचरा मुक्त शहर बनाने हेतु सदस्यता फार्म भराकर उन्हे सदस्य बनाया गया था।

जनसम्पर्क अधिकारी